

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 दिसम्बर 2019






Prep Smart. Score Better. Go gradeup

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 दिसम्बर 2019

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले सप्ताह** (1-7) दिसम्बर 2019 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. **'माई: हेल्थ वूमन सुरक्षा' पॉलिसी** किसने शुरू की ___ **HDFC ERGO जनरल इंश्योरेंस कंपनी।**

   **नोट:**
   - 'माई: हेल्थ वूमन सुरक्षा पॉलिसी' विशेष रूप से महिलाओं को चिकित्सा पर आकस्मिक व्यय के मामले में वित्तीय सहायता प्रदान करके ऐसी कई बीमारियों और आकस्मिक व्ययों से सुरक्षित करने के लिए तैयार की गई है जिनका वे अपने जीवनकाल के दौरान सामना कर सकती हैं।
   - यह पॉलिसी विभिन्न प्रकार के कैंसर और संबंधित सर्जरी, गर्भावस्था और नवजात (नवजात शिशु) जटिलताओं और मारपीट एवं जलने को कवर करेगी।

2. अपने बेस्ट प्राइस मॉडर्न होलसेल "B2B कैश एंड कैरी" स्टोर्स के सदस्यों के लिए **HDFC बैंक** के साथ साझेदारी में क्रेडिट कार्ड किसने शुरू किया____**वालमार्ट।**

   **नोट:**
   - कार्ड डिनर्स क्लब इंटरनेशनल द्वारा समर्थित है जिसका अपना सदस्यता कार्ड 185 देशों में स्वीकृत है।
   - इसके साथ, देश भर में 26 अन्य बेस्ट प्राइस मॉडर्न होलसेल स्टोर पर कार्ड लॉन्च किया गया।

3. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने किनके लिए विनियामक दिशानिर्देशों में संशोधन करने पर विचार कर रही है ______ **शहरी सहकारी बैंकों (UCB)।**

   **नोट:**
   - RBI गवर्नर **शक्तिकांत दास** के अनुसार, दिशानिर्देश मुख्य रूप से एकल और समूह/परस्पर संबद्ध उधारकर्ताओं के लिए जोखिम मानदंडों, वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन और प्राथमिक क्षेत्र को ऋण देने से संबंधित होंगे।
   - इन साधनों से UCB के लचीलापन और स्थिरता को मजबूत करने और जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने की उम्मीद है।
   - RBI ने 500 करोड़ रुपये और उससे अधिक की संपत्ति वाले UCB को सेंट्रल रिपॉज़िटरी ऑफ इनफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट (CRILC) रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के तहत लाने का भी निर्णय लिया है।

4. **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को किस तरह लाइसेंस के लिए दिशा-निर्देश जारी किए ___ **'कभी भी' (ऑन टैप)।**

   **नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को **'कभी भी' (ऑन टैप) लाइसेंस** के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। अब स्वयं को **लघु वित्त बैंकों** (SFB) में परिवर्तित करने के इच्छुक भुगतान बैंक, ऐसे लाइसेंस के लिए केवल 5 वर्ष के संचालन के बाद ही आवेदन कर सकते हैं।
- लाइसेंसिंग विंडो ऑन-टैप होगी। दिशानिर्देशों में RBI ने SFB स्थापित करने के लिए न्यूनतम पूंजी 200 करोड़ रुपये करके दोगुनी कर दी है।

**5. भारत के विदेशी मुद्रा भंडार** ने किस आंकड़े को पार किया___**450 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- विदेशी मुद्रा भंडार भारी निवेश (इन्फ्लो) के कारण बढ़ा है जिसने भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को बाजार से डॉलर खरीदने में सक्षम बनाया है।
- देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3 दिसंबर, 2019 को 451.7 बिलियन डॉलर था, जो मार्च 2019 की समाप्ति के समय से 38.8 बिलियन डॉलर अधिक है।

**6. रेटिंग एजेंसी S&P** (स्टैंडर्ड एंड पुअर्स) ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग किस आउटलुक के साथ पुन: **'BBB'** होने की पुष्टि की ___**स्थिर आउटलुक।**

**नोट:**

- भारत की अर्थव्यवस्था हाल ही में मंदी के बावजूद प्रभावशाली दीर्घकालिक विकास दर हासिल कर रही है।
- भारत अपने बेहतर विदेशी स्थिति को बनाकर रखेगा और वित्तीय घाटे में कोई गिरावट नहीं आएगी लेकिन कहीं हद तक यह उनके पूर्वानुमान की सीमा में ही रहेगा।
- रिपोर्ट में, S&P ने अपनी इस उम्मीद के आधार पर भारत के लिए एक स्थिर आउटलुक कायम रखा है कि अगले दो वर्षों में वृद्धि दर मजबूत रहेगी।

**7.** नया बैंकिंग प्लेटफॉर्म जिसने **इंडिया फिनटेक अवार्ड** (IFTA) 2019 में अपने खाते में तीन और सम्मान जोड़े ___**रेज़रपे।**

**नोट:**

- कंपनी ने अपने नए-बैंकिंग उत्पाद, रेज़रपे एक्स (RazorpayX) के लिए 'मोस्ट इनोवेटिव पेमेंट स्टार्ट-अप' और 'मोस्ट इनोवेटिव फिनटेक प्रॉडक्ट' के पुरस्कार जीते।
- इस समारोह में CEO और सह-संस्थापक, **हर्षिल माथुर** को 'फिनटेक लीडर ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया।

8. ऑनलाइन ट्रकिंग प्लेटफॉर्म जिसने ट्रक मालिकों को नि:शुल्क **फास्टैग** प्रदान करने के लिए निजी बैंकों **IDFC बैंक** और **यस बैंक** के साथ साझेदारी की ___**ब्लैकबक।**

**नोट:**

- ट्रक मालिक विशेष रूप से उनके लिए शुरू किए गए एक डिजिटल सर्विस प्लेटफॉर्म ब्लैकबक के 'बॉस ऐप' पर फास्टैग का ऑर्डर दे सकते हैं, और इसे 31 दिसंबर, 2019 तक उनके घर पर मुफ्त में पहुंचाया जाएगा।
- ब्लैकबक बॉस ऐप पर फास्टैग IDFC बैंक और यस बैंक के साथ साझेदारी में प्रदान किया गया है। इस पहल से भारत में 3 मिलियन से अधिक ट्रकों के फास्टैग उपयोग करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**9.** भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की कि सभी बैंक ग्राहक कब से सप्ताहांत और छुट्टियों सहित सभी दिनों में पूरे समय NEFT के माध्यम से धनराशि स्थानांतरित कर सकेंगे ____ **16 दिसंबर 2019।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- RBI ने अगस्त में घोषणा की थी कि सभी NEFT हस्तांतरण की सुविधा दिसंबर तक ग्राहकों के लिए 24x7 उपलब्ध कराई जाएगी। पहला भुगतान 16 दिसंबर, 2019 को 00:30 बजे के बाद होगा।

10. निवेशकों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर किसने हस्ताक्षर किए ___ **निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (IEPFA)।**

    **नोट:**

    - दोनों संस्थाएं जनता को धोखाधड़ी वाले निवेश प्रस्तावों और पोंजी योजनाओं के खतरों के बारे में शिक्षित करने के लिए मिलकर काम करेंगी।

11. **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने चालू वित्त वर्ष 2018-19 की अपनी **पांचवीं द्वैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा** की घोषणा की।

नोट:

- RBI ने चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत नीति रेपो दर को 5.15% पर अपरिवर्तित रखा है।
- इसके परिणाम स्वरूप, LAF के तहत रिवर्स रेपो दर 4.90% पर अपरिवर्तित रही।
- सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर 5.40% हैं।

**वर्तमान नीतिगत दरें:**

| | |
|---|---|
| नीति रेपो दर | 5.15% |
| रिवर्स रेपो दर | 4.90% |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 5.40% |
| बैंक दर | 5.40% |

## श्रद्धांजलियां

1. पूर्व हॉलीवुड अभिनेत्री जिनका लॉस एंजिल्स के सीडर-सिनाई मेडिकल सेंटर में निधन हो गया ___ **शैली मॉरिसन।**

    **नोट:**

    - मॉरिसन ने 1999 से 2006 तक 'विल एंड ग्रेस' की मूल श्रृंखला में अल सल्वाडोर की एक नौकरानी रोसारियो सालाज़ार का किरदार निभाया, वह इस कॉमेडी श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ कलाकारों की टुकड़ी के लिए स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवार्ड जीतने वाले समूह का हिस्सा बनीं।

2. इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जिनका कैंसर के कारण निधन हो गया ___ **बॉब विलिस।**

    **नोट:**

    - बॉब विलिस ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैचों में 325 विकेट और 64 एकदिवसीय मैचों में 80 विकेट लिए।
    - उन्होंने 18 टेस्ट और 29 एकदिवसीय मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी भी की।

3. 'स्टार ट्रेक' की पहली महिला लेखिका जिनका बीमारी के बाद निधन हो गया _____ **डी.सी. फोंटाना।**

    **नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- लेखिका ने मूल स्टार ट्रेक टीवी श्रृंखला के लिए कई कहानियां लिखीं, और एक विशेष पात्र, स्पॉक तैयार किया।
- उन्होंने वर्ष 1967 की 'जर्नी टू बैबेल' लिखी, जिसमें स्पॉक के पिता सरेक और मां अमांडा को पहली बार सामने लाया गया।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व एड्स दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है____**1 दिसंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस **एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम** (एड्स) के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाता है।
- इस वर्ष का विषय ‘Communities Make the Difference’ है।
- केंद्र सरकार ने वर्ष 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में एड्स को समाप्त करने के सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने के लिए वर्ष 2017 से 2024 तक सात वर्षीय राष्ट्रीय रणनीतिक योजना विकसित की है।

2. **सीमा सुरक्षा बल** ने अपना **55वां स्थापना दिवस** कब मनाया _____ **1 दिसंबर 2019।**

**नोट:**

- इस समारोह में नई दिल्ली स्थित बीएसएफ मुख्यालय में केंद्रीय राज्य मामलों के मंत्री नित्यानंद राय ने भाग लिया।
- **भारतीय सीमा सुरक्षा बल** (भारत शासित प्रदेशों की प्रथम रक्षा पंक्ति) की स्थापना भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन युद्धों के बाद 1 दिसंबर, 1965 को हुई थी।
- 186 बटालियन और 2.57 लाख से अधिक सैन्य कर्मियों के साथ, बी.एस.एफ दुनिया का **सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल** है।

3. **नागालैंड** राज्य ने अपना **57वां स्थापना दिवस** कब मनाया ____**1 दिसंबर 2019।**

**नोट:**

- 1 दिसंबर 1963 को, नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
- हॉर्नबिल महोत्सव (महोत्सवों का पर्व) पूर्वोत्तर भारत के नागालैंड में हर वर्ष 1 से 10 दिसंबर तक मनाया जाने वाला समारोह है।
- नागालैंड सरकार द्वारा आयोजित महोत्सव राज्य की पारंपरिक और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को इसकी जातीयता, विविधता और भव्यता के रूप में दर्शाने वाला एक वार्षिक पर्यटन प्रचार कार्यक्रम है।

4. **अंतर्राष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस** हर वर्ष आयोजित किया जाता है ____ **2 दिसंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस वर्ष 1986 में पहली बार मनाया गया था।
- अंतर्राष्ट्रीय दिवस जनता को चिंताओं के मुद्दों पर शिक्षित करने, वैश्विक समस्याओं पर चर्चा करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और संसाधनों जुटाने और मानवजाति की उपलब्धियों की प्रशंसा करने और समर्थन करने का अवसर है।

5. राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस (NPCD) हर वर्ष मनाया जाता है____ **2 दिसंबर (भारत)।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना, उद्योगों में जागरूकता फैलाना है जो जल, वायु, मृदा, ध्वनि जैसे विभिन्न प्रदूषण का कारण बनते हैं और पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।
- **यूनियन कार्बाइड** के कीटनाशक संयंत्र से **मेथिल आइसोसाइनाइट गैस** के रिसाव से कई सौ लोग मारे गए थे, और कई लोगों का जीवन आहत हुआ था।

**6.** अंतर्राष्ट्रीय विकलांगजन दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____ **3 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय 'विकलांगजनों की भागीदारी और उनके नेतृत्व को बढ़ावा देना: 2030 विकास एजेंडे पर कार्यवाही करना' है।
- अंतर्राष्ट्रीय विकलांगजन दिवस वर्ष 1992 से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रोत्साहित एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है।

**7.** भारतीय नौसेना दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____**4 दिसंबर।**

**नोट:**

- **एडमिरल करमबीर सिंह** वर्तमान नौसेना प्रमुख हैं।
- भारतीय नौसेना, भारत-पाकिस्तान युद्ध (4 दिसंबर, 1971) के दौरान भारतीय नौसेना की मिसाइल नौकाओं द्वारा कराची बंदरगाह पर साहसी हमले का सम्मान करने के लिए और उस युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान हेतु नौसेना दिवस मनाती है।
- 17वीं सदी के **छत्रपति शिवाजी भोसले (मराठा सम्राट)** को **'भारतीय नौसेना का जनक'** माना जाता है।
- भारतीय नौसेना को भारत के राष्ट्रपति द्वारा **'कमांडर-इन-चीफ'** के रूप में निर्देशित किया जाता है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री शाखा है।

**8.** विश्व मृदा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____ **5 दिसंबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2019 विश्व मृदा दिवस का विषय 'मृदा क्षरण रोको, अपने भविष्य को बचाओ' (Stop Soil Erosion, Save our Future) है।

**9.** अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस (IVD) हर वर्ष मनाया जाता है____**5 दिसंबर।**

**नोट:**

- IVD 2019 का विषय 'समावेशी भविष्य के लिए स्वयंसेवक' (Volunteer for an inclusive future) है।
- स्वयंसेवा उन लोगों को अवसर प्रदान करती है, जिन्हें अक्सर बहिष्कृत किया जाता है, ताकि वे अपने निजी जीवन को प्रभावित करने के लिए और अपने समय एवं कौशल का स्वयं सेवा में उपयोग करके अपने समुदायों में रचनात्मक भूमिका निभा सकें।

**10. सशस्त्र सेना झंडा दिवस** (भारतीय ध्वज दिवस) भारत में हर वर्ष मनाया जाता है ____**7 दिसंबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य शहीदों के साथ-साथ उन वर्दीधारी पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित करना है, जो देश के सम्मान की रक्षा के लिए सीमाओं पर बहादुरी से लड़ते हैं।
- पिछले कुछ वर्षों से, भारत के सैनिकों, नाविकों और वायु सैनिओं के सम्मान के रूप में इस दिवस को मनाने की एक परंपरा बन गई है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## नई नियुक्ति

**1.** महालेखा नियंत्रक (CGA) का पदभार किसने संभाला_____ **सोमा रॉय बर्मन।**

**नोट:**

- **सोमा रॉय बर्मन** (1986-बैच की भारतीय सिविल लेखा सेवा अधिकारी) इस प्रतिष्ठित पद को ग्रहण करने वाली 24वीं CGA और 7वीं महिला हैं।
- उन्होंने जे.पी.एस. चावला की जगह ली।
- CGA भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है।

**2.** माइक्रो-क्रेडिट में **कोड फॉर रिस्पॉन्सिबल लेंडिंग (CRL)** की संचालन समिति का पहला अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _____ **एच.आर. खान।**

**नोट:**

- CRL बैंकों, NBFC-MFI और NBFC जैसी विविध संस्थाओं के गठन वाले माइक्रो-क्रेडिट उद्योग के लिए एक स्व-नियामक कदम है जो ग्राहक सुरक्षा मानकों का पालन करती हैं।
- CRL को सितंबर में एक NBFC संघ वित्त उद्योग विकास परिषद के साथ MFIN और सा-धन (RBI से मान्यता प्राप्त MFI संघ) द्वारा शुरू किया गया था।

**3.** कांग्रेस नेता जिन्हें महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया _____**नाना पटोले।**

**नोट:**

- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार किसान कथोरे ने अपना नामांकन वापस ले लिया था।
- महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस को राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया।

**4. यूरोपीय आयोग की प्रथम महिला अध्यक्ष** का पदभार किसने संभाला __ **उर्सुला वॉन डेर लेयेन।**

**नोट:**

- वॉन डेर लेयेन ने जर्मनी की संघीय सरकार में (वर्ष 2005 से 2019 तक) एंजेला मर्केल के मंत्रिमंडल में सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने वाले सदस्य के रूप में कार्य किया।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उर्सुला वॉन डेर लेयन को बधाई दी।
- सुश्री लेयेन ने प्रधान मंत्री मोदी को अगले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में ब्रुसेल्स का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

**5. एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष किन्हें चुना ___ **मसात्सुगु असाकावा।**

**नोट:**

- वर्तमान में, वह जापान के प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री के विशेष सलाहकार हैं।
- मसात्सुगु असाकावा ताकेहिको नकाओ की जगह लेंगे।
- श्री असाकावा 17 जनवरी 2020 को ADB के 10वें अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे।

**6.** भारत की सब लेफ्टिनेंट जिन्होंने भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बनकर इतिहास रचा_____ **शिवांगी।**

**नोट:**

- शिवांगी को शॉर्ट सर्विस कमीशन पायलट एंट्री स्कीम के तहत भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्हें जून 2018 में नौसेना में शामिल किया गया था।

**7.** आयुध कारखानों के महानिदेशक (DGOF) और आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) के अध्यक्ष के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया ___ **श्री हरि मोहन।**

**नोट:**

- उन्होंने अजेय टैंक, MBT अर्जुन, ब्रिज लेयर और ट्रैवल्स टैंक जैसे बख्तरबंद युद्धक वाहनों के निर्माण में सुधार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- उन्होंने इस्पात एवं खदान मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के इस्पात संयंत्रों के आधुनिकीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**8.** भारतीय अमेरिकी व्यापार कार्यकारी जिन्हें **अल्फाबेट** कंपनी के CEO (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के रूप में पदोन्नत किया गया __ **सुंदर पिचाई।**

**नोट:**

- सुंदर पिचाई लैरी पेज की जगह लेंगे।
- इससे पहले, गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने घोषणा की थी कि वे मूल कंपनी अल्फाबेट में नेतृत्व की भूमिका से हट रहे हैं।
- अल्फाबेट और गूगल के लिए अब दो मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की आवश्यकता नहीं है और सुंदर पिचाई गूगल और अल्फाबेट दोनों के CEO होंगे।

**9.** मॉरीशस गणराज्य की नेशनल असेंबली ने देश का नया राष्ट्रपति किसे चुना ____ **पृथ्वीराजसिंह रूपुन।**

**नोट:**

- वह मॉरीशस के पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री थे।
- नए राष्ट्रपति के रूप में उनके चुनाव का प्रस्ताव प्रधान मंत्री, गृह मामलों एवं बाह्य संचार मंत्री, रक्षा मंत्री, रोड्रिग्स, आउटर आइलैंड और टेरीटोरियल इंटीग्रिटी मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

**10.** वरिष्ठ राजनयिक जिन्हें **कोस्टा रिका गणराज्य** में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया ____ **उपेंद्र सिंह रावत।**

**नोट:**

- वर्तमान में श्री रावत पनामा गणराज्य में भारत के राजदूत हैं।
- **श्री अंजनी कुमार** (IFS: 2003) को **माली गणराज्य** में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** केंद्र सरकार ने देश भर में **सघन मिशन इंद्रधनुश** (IMI) 2.0 शुरू किया।

**नोट:**

- सरकार की प्रमुख योजना का उद्देश्य 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण करना और गर्भवती महिलाओं का आठ टीका निरोध्य बीमारियों से बचाव करना है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सघन मिशन इंद्रधनुश (IMI) में डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, पोलियोमाइलिटिस, तपेदिक, खसरा, मस्तिष्क ज्वर और हेपेटाइटिस B के टीके शामिल हैं।
- जापानी इंसेफेलाइटिस और हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा के टीके भी चुनिंदा क्षेत्रों में दिए जा रहे हैं।
- IMI 2.0 का लक्ष्य दिसंबर 2019 से मार्च 2020 के बीच 27 राज्यों के 272 जिलों में पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करना है।

**2.** हज पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए पूरी **प्रक्रिया को पूर्णतया डिजिटल** बनाने वाला पहला देश ____ **भारत।**

**नोट:**

- यह मंत्री द्वारा जेद्दाह में सऊदी हज मंत्री के साथ तीर्थयात्रा के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद हुआ।
- हज मुसलमानों के लिए पवित्र शहर मक्का, सऊदी अरब की वार्षिक इस्लामिक तीर्थयात्रा है।

**3.** भारत-श्रीलंका का संयुक्त **अभ्यास 'मित्र शक्ति'** (7वां संस्करण) कहां पर स्थित औंध सैन्य स्टेशन में शुरू हुआ____**पुणे।**

**नोट:**

- इसका उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सकारात्मक संबंध बनाना और इन्हें बढ़ावा देना है, जो शहरी और ग्रामीण वातावरण में जवाबी कार्यवाही और आतंकवाद-रोधी अभियानों पर सबयूनिट स्तर के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।
- यह दोनों देशों की सेनाओं के बीच सैन्य कूटनीति और पारस्परिक प्रभाव के भाग के रूप में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

**4.** अंग्रेजी लेखक **टोनी जोसेफ** ने अपनी किस पुस्तक के लिए **12वां शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज** जीता ____**अर्ली इंडियंस: द स्टोरी ऑफ अवर एंसेस्टर्स एंड व्हेयर वी केम फ्रॉम।**

**नोट:**

- यह पुस्तक अग्रणी नए DNA साक्ष्यों सहित छह विषयों में अनुसंधान के माध्यम से दक्षिण एशिया के लोगों की कहानी बताती है।
- यह पुरस्कार वर्ष 2008 में शुरू किया गया था और इसमें एक ट्रॉफी के साथ 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
- पिछले वर्ष यह पुरस्कार सुजाता गिडला को उनकी पुस्तक 'Ants Among Elephants: An Untouchable Family And The Making Of Modern India' के लिए प्रदान किया गया था।

**5.** मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (MNP) नियमों को किसने संशोधित किया है, जिससे पूरी प्रक्रिया तेज और अत्यंत सरल हो गई है ____ **भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)।**

**नोट:**

- ट्राई ने सेवा क्षेत्र के अंदर पोर्ट आउट अनुरोधों के लिए तीन कार्य दिवस की समय-सीमा निर्धारित की है।
- इसी तरह, एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में पोर्ट के अनुरोध के लिए पांच कार्य दिवसों की समय-सीमा निर्धारित की गई है।
- यूनिक पोर्टिंग कोड (UPC) की वैधता को भी पहले के पंद्रह दिनों के बजाय चार दिनों तक कम किया गया है।

**6.** केंद्र सरकार ने किस क्षेत्रीय संपर्क योजना के चौथे दौर की शुरुआत की ____ **UDAN (उड़े देश का आम नागरिक)।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस दौर में ध्यान उत्तर पूर्व क्षेत्र, पहाड़ी राज्यों, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और द्वीप समूह पर केंद्रित होगा।
- नागरिक उड्डयन मंत्रालय अगले पांच वर्षों में एक हजार मार्गों और 100 से अधिक हवाईअड्डों का परिचालन करेगा।

**7.** उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने लॉन्च किया ____**भारतीय पोषण गान।**

**नोट:**

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा गान की संकल्पना की गई है।
- इसे प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी ने लिखा है और शंकर महादेवन ने गाया है।

**8.** भारत और स्वीडन ने कहां पर **भारत-स्वीडन हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर** के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ___ **नई दिल्ली।**

**नोट:**

- इनोवेशन सेंटर का उद्देश्य एक मुक्त नवाचार पारिस्थितिक तंत्र विकसित करना है, ताकि स्टार्ट-अप्स और स्वास्थ्य देखभाल वितरक हितधारक हेल्थकेयर क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान और सहयोग कर सकते हैं।
- 22 नए एम्स शीघ्र चालू हो जाएंगे, और 157 नए मेडिकल कॉलेज विकास चरण पर हैं।

**9.** रेलवे के मुंबई सेंट्रल स्टेशन को किसने फोर स्टार रेटिंग के साथ **'ईट राइट स्टेशन'** के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया ____ **भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI)।**

**नोट:**

- मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' है।
- इस कदम का मुख्य उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य और सेहत में सुधार लाना है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे स्वास्थ्यवर्धक भोजन करें।
- 'ईट राइट इंडिया' पहल 'स्वस्थ खाओ' और 'सुरक्षित खाओ' के दो व्यापक स्तंभों पर बनी है।

**10.** भारत का पहला समुद्री संग्रहालय खोला जाएगा___ **लोथल, गुजरात।**

**नोट:**

- **भारत सरकार और पुर्तगाल** ने गुजरात के लोथल में प्राचीन भारतीय स्थल पर भारत के पहले **राष्ट्रीय समुद्री धरोहर संग्रहालय** की स्थापना में सहयोग करने का निर्णय लिया है।
- संग्रहालय का उद्देश्य अधोजल या समुद्री पुरातत्व को बढ़ावा देना है।

**11.** भारत ने **मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल** (MNDF) को कौन सी 'मेड इन इंडिया' **गश्ती पोत** उपहार में दी___**"KAAMIYAAB"।**

**नोट:**

- यह हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते सशक्त प्रयासों के बीच इस क्षेत्र में पूर्ण सुरक्षा प्रदान करेगी।
- इस बीच भारत द्वारा दी गई 2500 LED स्ट्रीटलाइट हाल ही में माले में लगाई गईं थी। ये स्ट्रीटलाइट 80% ऊर्जा बचाती हैं और परिणामस्वरूप माले शहर के लिए प्रति वर्ष लगभग 8.35 लाख MVR मूल्य की बचत होगी।

**12.** **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) ने कहां पर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) में एक **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उद्भवन केंद्र** (S-TIC) की स्थापना की___ **तिरुचिरापल्ली।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह केंद्र भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों से संबंधित तकनीकी समस्याओं पर इसरो के साथ काम करेगा और समाधान प्रदान करेगा।
- यह S-TIC आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेशों लक्षद्वीप एवं पुदुचेरी सहित भारत के दक्षिणी क्षेत्र की आवश्यकताएं पूरी करेगा।

**13. DGP और IGP** का तीन-दिवसीय **वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन** कहां शुरू हुआ ___**पुणे।**

**नोट:**

- सम्मेलन दो स्थानों - बाणेर में भारतीय विज्ञान, शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में और पाषाण में पुलिस अनुसंधान केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

**14.** केंद्रीय मंत्री **पीयूष गोयल** ने कहां पर **राष्ट्रीय सार्वजनिक क्रय सम्मेलन** के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया ___**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से किया गया है।
- GeM उदारता, निष्पक्षता और समावेश के तीन स्तंभों पर टिकी हुई है और यह सही अर्थों में पारदर्शी ई-मार्केटप्लेस का प्रतीक है।

**15.** कहां पर स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) में भारत की पहली गंगा केंद्रीकृत एक्वा लैब का शिलान्यास किया गया ____**देहरादून, उत्तराखंड।**

**नोट:**

- एक्वालैब को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के अंतर्गत स्थापित किया जाएगा।
- गंगा नदी की सहायक नदियां जैसे गोमती, बेतवा, कोसी का वैज्ञानिक रूप से अध्ययन किया जाएगा और उनके जैविक घटकों को प्रयोगशाला में संरक्षित किया जाएगा।

**16. भारत-चीन** संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास जो मेघालय के उमरोई में प्रारंभ हुआ___**'हैंड-इन-हैंड 2019'।**

**नोट:**

- अभ्यास का उद्देश्य अर्ध-शहरी इलाकों में संयुक्त योजना और आतंकवाद विरोधी अभियानों का संचालन करना है।
- अभ्यास का विषय संयुक्त राष्ट्र के आदेश-पत्र के तहत आतंकवाद से मुकाबला करना' (counter-terrorism under United Nations mandate) है।
- यह 14-दिवसीय प्रशिक्षण अभ्यास है और इसमें लगभग 260 सैनिक भाग लेंगे।

**17.** निर्वाचन आयोग 'राजनीतिक दल पंजीकरण ट्रैकिंग प्रबंधन प्रणाली' कब से लागू करेगा ___**जनवरी 2020।**

**नोट:**

- **भारतीय निर्वाचन आयोग** आवेदकों को पार्टी पंजीकरण के लिए आवेदन करने में मदद करने और अपने आवेदन की स्थिति को जानने के लिए **"राजनीतिक दल पंजीकरण ट्रैकिंग प्रबंधन प्रणाली"** (PPRTMS) को लागू करने का निर्णय लिया है।
- नए दिशानिर्देश 1 जनवरी 2020 से प्रभावी होंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** नागालैंड के मुख्यमंत्री **नेफियू रियो** ने कहां पर स्थित द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय में **मल्टी-मीडिया प्रदर्शनी** का उद्घाटन किया _____ **किसमा।**

**नोट:**

- हॉर्नबिल महोत्सव के इतिहास में पहली बार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ आउटरीच एंड कम्युनिकेशन द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक मल्टी-मीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

**2.** जीवंत कर्नाटक संगीत कलाकारों की टुकड़ी के साथ तीन दिवसीय **भरतनाट्यम नृत्य महोत्सव** जो छायानौत सभागार में शुरू हुआ ___ **रंगार्पण।**

**नोट:**

- यह कल्पतरू द्वारा आयोजित किया गया है, कलाकार सुधा श्रीमोई दास, शम्मी अख्तर और ज़ुअरियाह मौली क्रमश: 2, 3 और 4 दिसंबर को अपना एकल कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।
- इस महोत्सव के लिए संगीतकार भारत के बैंगलोर से आ रहे हैं।
- इन डांसरों ने बांग्लादेश, भारत और विदेशों में विभिन्न नृत्य समारोहों में प्रदर्शन किया है।

**3. केंद्र सरकार** और **एशियाई विकास बैंक** (ADB) ने कहां के 5 शहरों में जल आपूर्ति और सीवरेज के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 206 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए____ **तमिलनाडु।**

**नोट:**

- यह परियोजना चार शहरों अम्बुर, तिरुचिरापल्ली, तिरुप्पुर, वेल्लोर और मदुरै में सीवेज संग्रह और उपचार तथा जल अपवाह तंत्र विकसित करेगी।
- यह बेहतर सेवा वितरण के लिए शहरी स्थानीय निकायों (ULB) की क्षमताओं को भी मजबूत करेगा।
- परियोजना राज्य में जलापूर्ति और स्वच्छता तक सर्वजन पहुंच प्रदान करके शहरी लोगों के जीवन में सुधार लाएगी।

**4.** मेघालय के मुख्यमंत्री **कॉनराड के. संगमा** ने कहां पर पहले **नॉर्थ ईस्ट फूड शो** का उद्घाटन किया _____ **पोलो ग्राउंड, शिलांग।**

**नोट:**

- फूड शो विभिन्न हितधारकों को एक मजबूत मंच और नेटवर्क प्रदान करेगा।
- फूड शो में खाद्य उद्योग से संबंधित ऐसी विभिन्न तकनीक और उत्पाद हैं जिनके बारे में लोगों को जानकारी नहीं है और यह शो एक व्यक्ति को दूसरे से जोड़ने के लिए सेतु का काम करेगा।
- यह इन बड़ी कंपनियों के लिए कहीं और उपलब्ध नहीं होने वाले उत्पादों को मंगाने और क्षेत्र में अपने उत्पादों को पेश करने का अवसर होगा।

**5.** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री **हरसिमरत कौर बादल** ने कहां पर **अवंती मेगा फूड पार्क** का उद्घाटन किया ___**देवास, मध्य प्रदेश।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- मध्य भारत का यह पहला फूड पार्क 51 एकड़ में फैला है और इसका निर्माण लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।
- इस मेगा फूड पार्क से लगभग 5 हजार स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।
- पार्क में सोयाबीन, चना, गेहूं और अन्य अनाज और सब्जियों का प्रसंस्करण किया जाएगा। अगले चरणों में इंदौर, उज्जैन, धार और आगर में गोदाम भी खोले जाएंगे।

**6.** ओडिशा के मुख्यमंत्री **नवीन पटनायक** ने स्कूली छात्रों के लिए कौन सा ई-लर्निंग मोबाइल ऐप शुरू किया ___**मधु।**

**नोट:**

- यह एक ई-लर्निंग मोबाइल फोन एप्लिकेशन है जो स्कूल के छात्रों को बेहतर और सबसे कुशल तरीके से अपने विषयों को समझने में मदद करेगा।
- इस ऐप के माध्यम से, छात्र अपनी कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों का वीडियो स्पष्टीकरण प्राप्त कर पाएंगे।
- इस ऐप का नाम उत्कल गौरव 'मधुसूदन दास' के नाम पर रखा गया है, इसे गंजाम जिला प्रशासन द्वारा विकसित किया गया है।

**7.** स्टार्टअप इंडिया **ग्लोबल वेंचर कैपिटल समिट -2019** (दूसरा संस्करण) कहां आयोजित हुआ_____ **गोवा।**

**नोट:**

- स्टार्टअप इंडिया ग्लोबल वेंचर कैपिटल समिट 2019 का विषय 'India Opportunity: Investing in tomorrow together' है।
- कार्यक्रम का आयोजन उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा गोवा सरकार की साझेदारी में होगा।
- शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ई-मोबिलिटी, फिनटेक, मेडटेक, एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर, एडटेक, जीनोमिक्स और लाइफसाइंसेस के क्षेत्रों में भारत के अवसर को दर्शाना है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने कहां पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारतीय मंडप का उद्घाटन किया _____ **ग्वाडलजारा, मैक्सिको।**

**नोट:**

- यह मेला स्पेनिश भाषी जगत में सबसे बड़ा पुस्तक मेला है।
- भारत इस पुस्तक मेले में 'गेस्ट ऑफ ऑनर कंट्री' है और यह मेले में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में भाग लेने वाला पहला एशियाई देश है।

**2. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन** (COP25 के नाम से प्रसिद्ध) स्पेन की राजधानी में आयोजित किया गया, स्पेन की राजधानी है_____**मैड्रिड।**

**नोट:**

- COP25 एक महत्वपूर्ण सम्मेलन है क्योंकि देशों ने क्योटो प्रोटोकॉल के अंतर्गत 2020 से पूर्व की अवधि से पेरिस समझौते के अंतर्गत 2020 के बाद की अवधि के लिए स्थानांतरित करने की तैयारी की है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- भारत के दृष्टिकोण को विशेष रूप से निष्पक्षता और कॉमन बट डिफरेंशिएटेड रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड रिस्पेक्टिव कैपेबिलिटी (CBDR-RC) के सिद्धांत के साथ UNFCCC और पेरिस समझौते के सिद्धांतों और प्रावधानों द्वारा निर्देशित किया जाएगा।
- भारत अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के माध्यम से परिष्कृत सौर ऊर्जा क्षमता के प्रयास में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

**3. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन** (NATO) के नेताओं ने कहां पर संगठन की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बैठक की _____**लंदन।**

**नोट:**

- शिखर सम्मेलन में बकिंघम पैलेस और डाउनिंग स्ट्रीट में स्वागत समारोह और लंदन के बाहर एक गोल्फ रिसॉर्ट में एक कार्यकारी सभा शामिल है।
- 29 सदस्यीय गठबंधन दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य गठबंधन है।

**4.** सऊदी अरब ने किस देश से G20 की अध्यक्षता हासिल की ____ **जापान।**

**नोट:**

- यह G20 की अध्यक्षता संभालने वाला पहला अरब राष्ट्र है।
- सऊदी की G20 अध्यक्षता ओसाका के काम को जारी रखने और बहुपक्षीय सहमति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- G20 अध्यक्षता (सऊदी अरब को जापान से मिली) में सऊदी वर्ष 2020 में 21-22 नवंबर को अपनी राजधानी में वैश्विक शिखर सम्मेलन के लिए विश्व नेताओं की मेजबानी करेगा।

**5. वैश्विक प्रवासन फिल्म महोत्सव** (GMFF) कहां आयोजित किया गया ____**ढाका।**

**नोट:**

- एकदिवसीय महोत्सव ने प्रवासन के विषय और इसके विभिन्न पहलुओं पर 15 फिल्में दिखाई जाएंगी।
- महोत्सव के दौरान दिखाई गई लघु फिल्में और डॉक्यूमेंट्री को एक वैश्विक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना गया था जिसके लिए 600 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं।
- GMFF वर्ष 2016 में शुरू हुआ था और इस वर्ष यह 28 नवंबर से 18 दिसंबर के बीच दुनिया के कई शहरों में आयोजित किया जा रहा है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** भारत के पूर्व वित्त मंत्री जिन्हें इकोनॉमिक टाइम्स के **आजीवन लोक सेवा उपलब्धि पुरस्कार 2019** से सम्मानित किया गया ____ **अरुण जेटली।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार अरुण जेटली की पति संगीता जेटली को मिला।

**2.** बॉलीवुड अभिनेत्री जिन्हें न्यूयॉर्क में स्नोफ्लेक बॉल में **यूनिसेफ** की ओर से **डैनी केय ह्यूमैनटेरियन अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया ____ **प्रियंका चोपड़ा।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- फैशन डिजाइनर डायने वॉन फर्सटेनबर्ग (यूनिसेफ की प्रथम सद्भावना राजदूत) ने अभिनेत्री को पुरस्कार दिया।
- प्रियंका चोपड़ा यूनिसेफ से सद्भावना राजदूत के रूप में पिछले 15 वर्षों से जुड़ी हुई हैं।

**3.** बॉलीवुड अभिनेत्री के फिटनेस और वेलनेस एप्लीकेशन को 'पर्सनल ग्रोथ' श्रेणी में वर्ष 2019 के **गूगल प्ले के सर्वश्रेष्ठ ऐप** से सम्मानित किया गया ____ **शिल्पा शेट्टी ऐप।**

**नोट:**

- गूगल ने वर्ष भर के ऐप, गेम, ईबुक, मूवी और ऑडियोबुक का चयन करके गूगल प्ले के सर्वश्रेष्ठ 2019 पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की।
- 2019 का सर्वश्रेष्ठ ऐप - अबलो।
- 2019 का सर्वश्रेष्ठ गेम - कॉल ऑफ़ ड्यूटी: मोबाइल
- गूगल प्ले यूजर्स च्वाइस 2019 अवॉर्ड
- ऐप: वीडियो एडिटर - ग्लिच वीडियो इफेक्ट्स
- गेम: कॉल ऑफ़ ड्यूटी: मोबाइल
- मूवी: मार्वल स्टूडियो 'एवेंजर्स एंडगेम
- ईबुक: स्केरी स्टोरीज टू टेल इन द डार्क

**4.** टेनिस खिलाड़ी जो स्विट्जरलैंड में पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके सम्मान में एक सिक्का जारी किया जाएगा ____ **रोजर फेडरर।**

**नोट:**

- स्विसमिंट ने घोषणा की है कि वह जनवरी 2020 में 20 स्विस फ्रैंक (20.06 अमेरिकी डॉलर) के चांदी के स्मारक सिक्के जारी करके रोजर फेडरर को सम्मानित करेगा।
- यह स्विसमिंट के इतिहास में पहली बार होगा कि एक जीवित व्यक्ति के सम्मान में स्विस स्मारक सिक्का जारी किया जा रहा है।
- इस वर्ष के स्मारक स्विस सिक्कों में चंद्रमा पर लैंडिंग की 50 वीं वर्षगांठ, फुरका दर्रा और रो हिरण शामिल थे।

**5.** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पुलिस स्टेशन जिसे देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन घोषित किया गया____ **एबरडीन पुलिस स्टेशन।**

**नोट:**

- गुजरात के बालासिनोर पुलिस स्टेशन ने दूसरा स्थान हासिल किया और मध्य प्रदेश के अज्क बुरहानपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के कच्छ में वर्ष 2015 में DGP सम्मेलन को संबोधित करते समय पुलिस स्टेशनों की रैंकिंग की शुरुआत की थी, जिसमें कहा गया था कि प्रतिक्रिया के आधार पर पुलिस स्टेशनों की ग्रेडिंग और उनके प्रदर्शन का आकलन करने के लिए मापदंडों को निर्धारित किया जाना चाहिए।

**6.** 50वीं फिट इंडिया प्लॉगिंग रन में भारत के प्लॉगिंग एंबेसडर __ **रिपु दमन बेवली।**

**नोट:**

- मंत्री ने राष्ट्रव्यापी प्लॉगिंग मिशन की भी शुरुआत की, जिसके तहत, वे भारतीय जो दौड़ रहे हैं और अपने शहरों, कस्बों या जिलों की सफाई कर रहे हैं, उन्हें अपने क्षेत्र का प्लॉगिंग एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- फिट इंडिया प्लॉगिंग रन 2 अक्टूबर को शुरू किया गया था, जो जॉगिंग करते समय कचरा उठाने का एक अनूठा तरीका है और इसे फिट इंडिया मूवमेंट में स्वच्छता और फिटनेस के संयोजन के एक अनोखे तरीके के रूप में शामिल किया गया।

**खेल समाचार**

**1.** जालंधर में आयोजित वरिष्ठ **राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप** में स्वर्ण पदक किसने जीते___ **गुरप्रीत सिंह और सुनील कुमार।**

**नोट:**

- 77 किलोग्राम वर्ग में गुरप्रीत ने साजन भानवाल को 3-1 के अंतर से हराया।
- सुनील ने भी पंजाब के प्रभल पर एक आसान जीत हासिल की। रेलवे के पहलवान ने 87 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में पंजाब के पहलवान को 5-1 से पराजित करने के लिए अपने पूर्ण अनुभव का प्रयोग किया।

**2.** जालंधर में आयोजित **वरिष्ठ राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप** के फाइनल में जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक किसने जीता ___**विनेश फोगाट और साक्षी मलिक।**

**नोट:**

- फोगाट ने 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंजू को 7-3 से हराया।
- ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलिक ने 62 किलोग्राम वर्ग में राधिका (हरियाणा) को 4-2 से हराया।
- 68 किग्रा वर्ग में, हरियाणा की पहलवान अनीता श्योरान ने राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता दिव्या काकरन को हराया।

**3.** दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले **अंडर -19 ICC क्रिकेट विश्व कप** (13वां संस्करण) में गत चैंपियन भारत का नेतृत्व कौन करेगा ___ **प्रियम गर्ग।**

**नोट:**

- भारत (गत चैंपियन) को पहली बार के क्वालीफायर जापान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप 'A' में रखा गया है।
- टूर्नामेंट में चार टीमों के चार ग्रुपों में विभाजित सोलह टीमें भाग लेंगी।
- प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, और प्रत्येक ग्रुप में नीचे की दो टीमें प्लेट लीग में आगे बढ़ेंगी।

**4.** नेपाल की राष्ट्रपति **बिद्या देवी भंडारी** ने कहां पर आयोजित एक शानदार समारोह में **13वें दक्षिण एशियाई खेलों** के प्रारंभ की घोषणा की___**काठमांडू, नेपाल।**

**नोट:**

- सात दक्षिण एशियाई देशों के 2700 से अधिक एथलीटों ने मार्च पास्ट में भाग लिया।
- दक्षिण एशिया के 10 दिवसीय सबसे बड़े खेल प्रतियोगिता में, 2715 एथलीट (भारत - 487 एथलीट) 26 खेलों में 319 स्वर्ण सहित 1119 पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।
- समापन समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

**5. सैयद मुश्ताक ट्रॉफी 2019-20** किसने जीती___**कर्नाटक।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- कर्नाटक ने फाइनल में तमिलनाडु पर एक रन की रोमांचक जीत के बाद **सैयद मुश्ताक ट्रॉफी 2019-20** (क्रिकेट) जीती।
- यह कर्नाटक की लगातार दूसरी खिताबी जीत है।
- कर्नाटक ने कप्तान मनीष पांडे के 60 रन (45-गेंद) की सहायता से 20 ओवर में 180/5 का स्कोर बनाया।

**6.** सबसे तेज 7,000 टेस्ट रन बनाने वाले क्रिकेटर ____ **स्टीव स्मिथ।**

**नोट:**

- ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने दिग्गज बल्लेबाज ब्रैडमैन के 73 वर्ष पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर केवल 126 पारियों में सबसे तेज 7000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।
- उन्हें रिकी पोंटिंग के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए बहुत रन बनाने हैं, जिन्होंने अपने 168 टेस्ट मैच में 13,378 रन बनाए।
- भारत के वीरेंद्र सहवाग 134 पारियों में सबसे तेज रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

**7.** ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर जिन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में आयोजित **अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स** जीती --- **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**

- उन्होंने अपने करियर की 84वीं जीत और इस वर्ष की 21 रेसों में से 11वीं जीत दर्ज की।
- रेड बुल के मैक्स वेर्स्टाप्पेन रेस में दूसरे स्थान पर रहे जबकि फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्क रेस में तीसरे स्थान पर रहे।
- 2019 अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स (औपचारिक रूप से फॉर्मूला 1 एतिहाद एयरवेज अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स 2019 के नाम से जानी जाती है) संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में यास मरीना सर्किट में आयोजित एक फॉर्मूला वन मोटर रेस थी।

**8.** वह क्रिकेट टीम जिसे **क्रिस्टोफर मार्टिन-जेनकिंस स्प्रिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया __ **न्यूज़ीलैंड।**

**नोट:**

- टीम को जुलाई 2019 में लॉर्ड्स में ICC विश्व कप के फाइनल मैच के दौरान खेल-भावना के अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है, यह मैच वे विवादास्पद परिस्थितियों में हार गए थे।
- **मार्टिन-जेनकिंस** पूर्व MCC अध्यक्ष और BBC के टेस्ट मैच के विशेष कमेंटेटर थे।

**9.** बल्लेबाजी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान किसने हासिल किया __ **विराट कोहली।**

**नोट:**

- कोहली, जिन्होंने पिछले सप्ताह बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि कोलकाता टेस्ट में 136 रन बनाए थे, 928 अंक तक पहुंच गए।
- ऑस्ट्रेलिया के **स्टीव स्मिथ** (923 अंक) दुबई में जारी नवीनतम सूची में एक पायदान फिसल गए।
- गेंदबाजों में, **जसप्रीत बुमराह** पांचवें स्थान पर सबसे ऊपर एकमात्र भारतीय हैं।
- वेस्टइंडीज के कप्तान **जेसन होल्डर** ने ऑलराउंडरों की सूची में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा है।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co